





# छपरवारा खरीदी केंद्र के पास साढ़े पांच सौ बोरी धान तहसीलदार ने की जब्त

नवभारत न्यूज

**गुनौर/पन्ना 21 जनवरी। शासन की किसान कल्याणकारी योजना अनुसार किसानों को अपनी फसल का वाजिब दाम दिलाने के उद्देश्य से समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए खरीदी केंद्र बनाए गए थे।**

प्रत्येक केंद्र में धान खरीदने के लिए सहकारी समितियों के कर्मचारियों को प्रभारी बनाया गया था जिसमें नियमानुसार धान खरीदकर किसान के पंजीयन अनुसार तुलाई कराके सात दिवस में किसानों के खाते में पैसा भेजने का प्रावधान है एवं यदि किसी किसान की धान की साफ सफाई में कमी है तो उसको साफ करने के लिए 40 रु प्रति क्विंटल लेबर चार्ज सहित किसान से लेकर अपने केंद्र में ही ग्रेडिंग करानी थी एवं जो किसान अपनी धान साफ करके लाते थे उनसे किसी प्रकार का पैसा नहीं लगना था किंतु गुनौर क्षेत्र के खरीदी केन्द्रों में शायद ही गिनती के प्रभावशील किसान होंगे जिनकी बिना दलालों से परामर्श किए धान तुली होगी। यदि कोई किसान दलालों से नहीं मिलता था तो उसकी मजदूर धान ही नहीं तोलते थे।

अंत में कुछ नहीं तो मजदूरों को प्रसन्न करने के लिए कुछ देना पड़ता था बाकी अन्य किसानों से एवं व्यापारी किसानों से रेट फिक्स था। दूसरा यह था कि कुछ केंद्र



प्रभारीयों ने खरीदी केंद्र में धान आने के पहले ही धान खरीदने की तुलाई की रसीद काट कर दे दी जाती थी जो धान खरीदी केंद्र आई ही नहीं। वही धान आज छपरवारा खरीदी केंद्र के नजदीक कुसेदर भटनवारा रोड में इमाम बख्श के बाड़े में रात में अज्ञात वाहन ने उतार दी। जिसकी सूचना ग्राम वासियों व मीडिया को लगने पर अधिकारियों को सूचना दी गई जिसे नायब तहसीलदार राजेश मेहरा ने मौके पर पटवारी के साथ पहुंचकर जप्ती पंचनामा की कार्यवाही की गई। जिसे एक लड़का जो शायद केंद्र प्रभारी का दलाल था वह धान अपनी होना बता रहा था किंतु जब पंचनामा में नाम लिखकर धान सुपुर्दगी में लेने की बात कही गई तो उसने अपनी धान होने का दावा नहीं किया एवं बाद में लावारिस के रूप में ही धान जप्त की गई।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार रात्रि में दो ट्रक धान किसी व्यापारी की किसी खरीदी केंद्र में ही तुलना थी किंतु मीडिया को भनक लग जाने के कारण एक ट्रक कुसेदर ग्राम में खाली किया गया एवं दूसरा ट्रक अंतरविदिया में खाली किया गया। किंतु प्राप्त जानकारी अनुसार अंतरविदिया में उतारी गई धान किसी किसान ने अंदर कर दी गई इसलिए जप्त नहीं हो सकी इस प्रकार खरीदी केंद्र प्रभारियों द्वारा बहुत बड़े दायरे में धान खरीदने में रिश्वत लेने के अलावा कई प्रकार के खेल किए गए हैं जिसकी बारीकी से तकनीकी जांच हो जाए तो बहुत बड़े स्तर का घोटाला उजागर हो सकता है। अब देखना यह है कि इस जप्त की गई धान पर कौन दावा करता है एवं रात में वहां पर रखने का क्या प्रमाण प्रस्तुत किया जाता है यह जांच के बाद सामने आएगा कि सत्यता क्या है।

# धान की बिक्री के लिए भटक रहे किसान

## लचर परिवहन व्यवस्था के चलते भुगतान अटका

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 21 जनवरी। प्रदेश सरकार भले ही यह दावा करती हो कि किसानों से दी गई धान या अन्य उपज का भुगतान सात दिनों के भीतर उनके खातों में कर दिया जाता है, लेकिन पन्ना जिले में यह दावा जमीनी हकीकत से कोसों दूर नजर आ रहा है।**

यहां किसान एक माह से अधिक समय से अपनी मेहनत की कमाई का इंतजार कर रहे हैं और अब उन्हें पोर्टल पर उपज अस्वीकृत दिखाकर जवाबदेही से बचने की कोशिश की जा रही है। जिले के किसानों ने बताया कि उन्होंने अपनी उपज लगभग एक माह पहले रैपुरा स्थित खरीदी केंद्र को बेची थी। उम्मीद थी कि सात दिनों में पैसा आ जाएगा, परन्तु एक माह होने को हैं अभी पैसे की राह देख रहे हैं। किसानों के कई अतिआवश्यक कार्य अटके पड़े हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब खरीदी केंद्र पर साफ और मानक के अनुरूप फसल तौलकर ली जा रही है तो बाद में वही उपज पोर्टल पर रिजेक्ट कैसे हो रही है, यह सवाल सीधे तौर पर खरीदी प्रक्रिया की पारदर्शिता और जिम्मेदारी पर खड़ा होता है। किसानों से जब साफ और अच्छी फसल ली जा रही है तो महीनों बाद किसानों को भुगतान से वंचित क्यों किया जा रहा है ऐसी स्थिति में गलती किसान की नहीं बल्कि व्यवस्था की प्रतीत होती है। क्षेत्र में यह खबरें व्याप्त हैं कि व्यापारियों को खुलेआम बारदाना दिया जा रहा है जो अपने गोदामों से फसल लेकर सीधे बारदानों में लेकर पहुंचते है। उनकी गुणवत्ता घटिया होते हुए भी तुलाई ली जा रही है। किसानों का कहना है कि वह सरकार और प्रशासन के नियमों का पालन करते हुए अपनी उपज बेचते हैं फिर भी महीनों तक भुगतान न होना और बाद में उपज को रिजेक्ट बताना किसानों के साथ अन्याय है। सवाल यह भी है कि जब उपज खरीदी केंद्र पर स्वीकार कर तौल ली गई तो बाद में उसे अस्वीकृत कैसे किया जा सकता है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और खाद्य विभाग इस गंभीर मामले में क्या रुख अपनाते हैं और सरकार के सात दिन में भुगतान के दावे को रैपुरा के किसानों के लिए कब हकीकत में बदला जाता है। फिलहाल किसान उम्मीद लगाए बैठे हैं कि उनकी आवाज सुनी जाएगी और उन्हें जल्द उनका हक मिलेगा।

# डायल 112 स्टाफ ने घायलों को इलाज के लिए पहुंचाया अस्पताल

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 21 जनवरी। गत दिवस 20 जनवरी को लगभग 3.00 बजे भोपाल द्वारा 112 में सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई।**

सूचना पर डायल 112 स्टॉफ आरक्षक अमित यादव एवं पायलट संदीप रजक द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा गया कि एक ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी थी ई-रिक्शा मौके पर क्षतिग्रस्त अवस्था में था। मौंके पर कमलेश सेन, निवासी धरमपुर, उम्र 36 वर्ष, रानी सोनकर, निवासी अजयगढ़, उम्र 34 वर्ष, सिद्धार्थ सोनकर, निवासी अजयगढ़, उम्र 8 वर्ष खिलाड़ी कुशवाहा, निवासी कल्याणपुर, उम्र 55 वर्ष घायल पडे थे।

घायलों ने बताया कि वे सभी कालिंजर की ओर जा रहे थे, जबकि ट्रक पन्ना की ओर जा रहा था। क्रॉसिंग के दौरान ट्रक द्वारा ई-रिक्शा को टक्कर मार दी गई। सभी घायलों को तत्काल 112 वाहन के माध्यम से शासकीय अस्पताल अजयगढ़ उपचार हेतु पहुंचाया गया।

# अड़गड़ानंद महाराज सत्संग में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**सलेहा/पन्ना 21 जनवरी। संसार के मानव मात्र का धर्म शास्त्र यथार्थ गीता के प्रेरणा स्त्रोत तथा विश्व धर्म संसद के विश्व गुरु एवं भारत गौरव से विभूषित परमहंस स्वामी श्री अड़गड़ानंद जी महाराज 19 जनवरी 2026 को पठारी आदिवासी बहुल क्षेत्र कल्दा समीपस्थ श्याम गिरी पहुंचे ,इस दौरान नव निर्मित आश्रम में हजारों भक्तों के साथ सत्संग में शामिल हुए।**

शाहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम श्याम गिरी में विशाल नवीन परमहंस आश्रम का निर्माण कार्य किया जा रहा है। परमहंस स्वामी जी द्वारा आश्रम पहुंचकर नवनिर्मित आश्रम का उद्घाटन किया। 19 जनवरी से पूज्य महाराज जी के सत्संग में पहुंच कर हजारों भक्तों द्वारा महाराज जी से आशीर्वाद एवं पूजन अर्चन के साथ बदना की जा रही है। सत्संग के दौरान गुरुदेव द्वारा हजारों भक्तों को आशीर्वचन के दौरान कहा कि एक परमात्मा में श्रद्धा रखने वाले तथा गीतोक्त विधि में उसकी प्राप्ति का प्रत्यन करने वाले स्वामित्व, शान्ति, भौतिक समृद्धि तथा मोक्ष सब कुछ प्राप्त कर लेते हैं, इस सत्संग कार्यक्रम में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु गुरुदेव का दर्शन करने पहुंच कर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। श्याम गिरी क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा कहा जा रहा है की यह हमारे यहां का बहुत बड़ा आयोजन है जहां पर एक विशाल आश्रम की न्यू रखी गई है। और गुरुदेव के हम सब को यही पर दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ।



# गणतंत्र दिवस आयोजन सम्बंधी बैठक आयोजित, सौंपे गए दायित्व

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 21 जनवरी। अजयगढ तहसील परिसर के सभागार में 26 जनवरी को लेकर एस डी एम आलोक मार्को तहसीलदार सुरेंद्र कुमार नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता जनपद पंचायत सीईओ की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में निर्णय लिया गया।**

सभी शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालय स्कूलों में ध्वजारोहण होने के बाद मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। परेड की सलामी दी जाएगी एनएनसीसी स्काउट गाइड रेड क्रॉस के बच्चों द्वारा भी सलामी दी जाएगी मुख्यमंत्री का संदेश वचन किया जाएगा प्लास्टिक के झंडे प्रतिबंधित होंगे प्रोटोकॉल के तहत मुख्य अतिथि को मुख्य समारोह तक लाया जाएगा एवं सभी विभागों को विभागवार जिम्मेदारियां दी गई सांस्कृतिक कार्यक्रम सिलेक्ट करने के लिए भी समिति बनाई गई जो मुख्य समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे उनका चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

सामूहिक पी टी की जाएगी एवं झांकियां का प्रदर्शन भी किया जाएगा जनप्रतिनिधि पत्रकार एवं नगर के गणमान्य नागरिकों को बैठने की समुचित व्यवस्था की जाएगी मिष्ठान वितरण भी सभी शासकीय अर्धशासकीय स्कूली बच्चों को पृदाय किया जाएगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चे और नगर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को भी मंच से सम्मानित किया जाएगा इन सब व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग तहसीलदार सुरेंद्र कुमार करेंगे। इस बैठक में नायव तहसीलदार धनीराम अहिरवार बी ई ओ भगवान दास रजक अमरदीप सिंह परिहार भविष्य खरे विनोद मिश्रा निलेश गुप्ता राजकुमार जैन बृजेन्द तिवारी रागिनी नामदेव विनोद गुप्ता सहित सभी विभागों के विभाग प्रमुख जनप्रतिनिधि नगर के नागरिक उपस्थित रहे।




# मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**पन्ना 21 जनवरी। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवदेन की समीक्षा की।**

इस मौके पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में स्वास्थ्य एवं पोषण, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, नलजल योजनाओं की प्रगति, कानून-व्यवस्था सहित अन्य निर्धारित एजेंडा बिन्दुओं एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने आम जनता को संवेदनशीलता के साथ सुविधाजनक तरीके से शासकीय योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्रदान करने सहित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, सुशासन, राजस्व ई-कोर्ट सिस्टम की स्थापना एवं राजस्व संग्रहण, एमपी ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से नागरिक सेवाओं के प्रदाय, अविवादित नामांतरण प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा विभिन्न स्तर पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने, जनप्रतिनिधियों से सतत संवाद, आगामी 31 मार्च तक पीएचई की सिंगल विलेज स्कीम का कार्य पूर्ण करने इत्यादि के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इसके अलावा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि का वितरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने, खनिज माफियाओं तथा खनिज के अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्यवाही, पराली जलाने की घटनाओं के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए भी कहा। इस मौके पर कलेक्टर ऊषा परमार एवं जिला पंचायत सीईओ सहित अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चैहान, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र सिंह धुर्वे एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।



# आबकारी विभाग ने की वाहनों की नीलामी

पन्ना 21 जनवरी। आबकारी विभाग और पुलिस द्वारा मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम में राजसात हुए दुपहिया और चार पहिया वाहनों की नीलामी जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन पन्ना में संपन्न हुई। जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य ने बताया कि मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 47- क (2) के अंतर्गत राजसात किए वाहनों की नीलामी हेतु सीलबंद टेंडर आमंत्रित किए गए थे।

# चोरों ने घर के सामने से उड़ाई 60 बोरी उड़द से लदी पिकअप

नवभारत न्यूज

**अमानगंज/पन्ना 21 जनवरी। नगर के वार्ड नंबर 01 में चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए एक घर के सामने खड़ी अनाज से लदी पिकअप पार कर दी।**

व्यापारी जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि उनकी पिकअप (एमपी 35 जीए 1017) 60 बोरी उड़द बटरी से लदी हुई थी, जिसे रात 10 बजे घर के सामने खड़ा किया गया था। तड़के 4.30 बजे तक गाड़ी का गायब हो गई। इस सनसनीखेज वारदात के बाद स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। गल्ला व्यापारियों का कहना है कि यदि घर के सामने खड़ी गाड़ियां और माल सुरक्षित नहीं है, तो फिर घरों के सामने वाहन कैसे सुरक्षित होंगे। नगर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस द्वारा सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि न तो सीसीटीवी कैमरे सही ढंग से काम कर रहे हैं और न ही पुलिस की डायल 112 या गश्ती दल की सक्रियता नजर आ रही है।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स में महाविद्यालय के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 21 जनवरी। हाल ही में खेल विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के 03 छात्रों द्वारा शानदार उपलब्धि हासिल की गई।**

तीनों ने अपना स्थान राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए सुनिश्चित किया है। महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय से बी.कॉम. प्रथम वर्ष के छात्र ओम गुप्ता ने 81 किलोग्राम वजन श्रेणी में कुश्ती खेल में स्वर्ण पदक जीता है, कला संकाय से बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र पीयूष विश्वकर्मा ने जूडो खेल में 60 किलो वजन श्रेणी में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है, साथ ही बी.कॉम. प्रथम वर्ष के छात्र प्रिंस। रैकवार ने 73 केजी वजन श्रेणी में कांस्य पदक का खिताब अपने नाम किया है।

तीनों ही छात्र आगामी समय में भोपाल में आयोजित होने वाली राज्य स्तर की प्रतियोगिता में सह भागिता करेंगे।

छात्रों की स्वर्णिम सफलता पर महाविद्यालय परिवार द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी द्वारा छात्रों को खेल अभ्यास में और अधिक मेहनत करने एवं बेहतर खेल सुविधाओं को महाविद्यालय में व्यवस्थित करने, तथा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करने की बात कही है,





# जेके सीमेंट की संचालित आईटीआई के 44 छात्र स्टेट लेवल के लिए चयनित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 21 जनवरी। यदुपति सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अमानगंज के छात्रों ने स्किल इंडिया प्रतियोगिता के डिस्ट्रिक्ट लेवल में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है।**

इस प्रतियोगिता में संस्थान के कुल 44 छात्रों का चयन किया गया है, जिन्होंने जिला स्तर की प्रतियोगिता सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है। चयनित छात्र अब आगामी स्टेट लेवल प्रतियोगिता में अपने जिले एवं क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन छात्रों ने ब्रिकलेइंग, वॉल एंड फ्लोर टाइलिंग तथा रिन्यूएबल एनर्जी जैसे महत्वपूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी ट्रेड्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी तकनीकी दक्षता और व्यावहारिक कौशल का प्रभावशाली परिचय दिया है।

जेके सीमेंट द्वारा संचालित यह संस्थान क्षेत्र के युवाओं के लिए एक सशक्त एवं दूरदर्शी पहल है, जो उन्हें आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। इस सफलता का श्रेय संस्थान के प्राचार्य, प्रशिक्षकों एवं छात्रों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण को जाता है।

# आनंद उत्सव में छात्रों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

नवभारत न्यूज

**सलेहा/पन्ना 21 जनवरी। मध्य प्रदेश पंचायत विभाग एवं ग्रामीण विभाग के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।**

इसी क्रम में जनपद पंचायत गुन्नौर अन्तर्गत ग्राम पंचायत गंज में 20 जनवरी को पंचायत परिसर में आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रा -छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जो सामाजिक एवं राष्ट्र भक्ति से प्रेरित थे। ग्राम वासियों द्वारा लोकगायन, लोकगीत, नृत्य प्रतियोगिता सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में कल्पना शर्मा सरपंच गंज, राजकुमारी चैरसिया उपसरपंच गंज,बहोरीलाल विश्वकर्मा सरपंच प्रतिनिधि नचने, अवधेश कुमार द्विवेदी सचिव, प्रीतम सिंह सचिव, प्रमोद मिश्रा सहित स्थानीय शिक्षक, ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर करेंगी ध्वजारोहण



पन्ना 21 जनवरी। 77वें गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को पुलिस परेड ग्राउण्ड पन्ना में आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में कलेक्टर ऊषा परमार ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम भेजे गए संदेश का वाचन करेंगी।

# स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में लगा नेत्र परीक्षण कैंप

नवभारत न्यूज

**देवेंद्रनगर/पन्ना 21 जनवरी। स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल देवेंद्रनगर में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट धाम के द्वारा बच्चों के लिए नेत्र परीक्षण कैंप डायरेक्टर अलक्षेन्द्र पटेल के निर्देशन में लगाया गया।**

जिसमें छात्र छात्राओं की आंखें जांची गई एवं उपस्थित चिकित्सक द्वारा आंखों की सुरक्षा हेतु आवश्यक उपाय बताए गए। परीक्षण कर चश्मा भी वितरित किए गए।



# मंगलसूत्र छीनने वाली उप्र की महिला गैंग के 6 महिलाओं को किया गया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 21 जनवरी। सलेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 19 जनवरी को ग्राम श्यामगिरी में अड़गड़ानंद स्वामी जी के सत्संग कार्यक्रम के दौरान भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के गले से मंगलसूत्र छीनने की घटना को अंजाम देने वाली अंतर्राज्यीय महिला गैंग का खुलासा एसपी पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के दिशा निर्देशन मे किया गया है।**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना ने आज प्रेस कान्फ्रेंस मे जानकारी देते हुए बताया कि फरियादिया रूपा सिंह गोड निवासी ग्राम श्यामगिरी, थाना सलेहा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपनी जेठानी एवं देवरानी के साथ सत्संग कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। दोपहर लगभग 02.30 बजे, हेलीकॉप्टर के उतरने के दौरान अधिक भीड़ होने का फायदा उठाकर अज्ञात महिलाओं द्वारा उनके तथा उनकी देवरानी रोशनी सिंह के गले से सोने के मंगलसूत्र झपट लिए गए। कलदा क्षेत्र में कुछ संदिग्ध महिलाओं की मौजूदगी की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से संदिग्ध महिलाओं को तत्काल अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपिया किरन ने पुलिस अभिरक्षा में बताया कि उनके द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसे कार्यक्रमो/आयोजनो को चिन्हित करते है फिर वहां पहुंचकर अपने साथियों प्रभावती, सीमा, सुनीता, किरन एवं सुमन सभी निवासी मऊ एवं जौनपुर जिला उप्र के साथ मिलकर भीड़-भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में महिलाओं के गले से मंगलसूत्र, गहने एवं रुपये छीनने की पूर्व नियोजित योजना बनाकर वारदातों को अंजाम देती थी। आरोपियों द्वारा किराए की इको कार (क्रमांक यूपी 54 बीए 6961) से दिनांक 18 जनवरी को ग्राम श्यामगिरी पहुंचकर दो-दो एवं तीन-तीन की टीम बनाकर घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस द्वारा घटनाओं को अंजाम देने वाली अंतर्राज्यीय महिला गैंग को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। आरोपियों की कब्जे से दो सोने के मंगलसूत्र, अनुमानित कीमत 1,00,000/- घटना में प्रयुक्त इको कार, अनुमानित कीमत 5,00,000/- इस प्रकार कुल लगभग 6,00,000/- की संपत्ति जब्त की गई है।

